कार्यालय उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौद्योगिक संस्थान,भा0ति0सी0पु0 बल
Office of the DIG.C&ITI. , Indo-Tibetan Border Police Force
गृह मंत्रालय/ भारत सरकार, जनपद- शिवपुरी (मध्य प्रदेश) पिन कोड- 473551
Ministry of Home Affairs/Govt of India, Distt- Shivpuri(MP) Pin Code-473551

सं.भातिसीपु/संचार एवं सूचना प्रौ0 संस्थान/ग्रेनशॉप/निविदा/2026- 68 दिनांक : 13.05.2026

# निविदाकर्ताओं हेतु अनुदेश (INSTRUCTION FOR TENDERER)

मैसर्स ------------------------------------------------
------------------------------------------------
------------------------------------------------

भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में उपमहानिरीक्षक, संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल सर्वसाधारण को सूचित करते है कि उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान एवं दूरसंचार वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, शिवपुरी (म.प्र.) में **ताजा मटन/ ताजा चिकन/ताजा मछली एवं अण्डों** की आपूर्ति के लिये ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । माँग समय पर संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान एवं दूरसंचार वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, शिवपुरी (म.प्र.) द्वारा दी जाएगी । निविदा के लिए शर्त व समय सीमा निम्न प्रकार से होगी :-

1. ई-निविदा दिनांक 03.06.2026 को 1800 बजे तक प्राप्त की जायेगी जिसको दिनांक 04.06.2026 को 1000 बजे संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान, भा.ति.सी.पुलिस बल के कार्यालय परिसर में समिति द्वारा खोली जायेगी।

2. निविदा की बयाना राशि मोहर बन्द कर नियमानुसार दी जाएगी जिस पर वृहद निविदा **ताजा मटन/ ताजा चिकन/ताजा मछली एवं अण्डों** की आपूर्ति हेतु लिखा होना चाहिए । बयाना राशि बैंक ड्राफ्ट भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, शिवपुरी (म0प्र0) के मुख्य द्वार पर रखे निविदा बॉक्स में डाली जाऐगीं । निविदाकर्ताओं की यह जिम्मेवारी होगी कि वह सही समय पर बयाना राशि जमा करवाये। धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट चैयरमैन ग्रेनशॉप,संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के पक्ष मे भारतीय स्टेट बैंक शिवपुरी को देय होगी। बिना बयाना राशि की निविदा बिना कारण बताये रद्द कर दी जाएगी।
3. निविदा ऑनलाईन (ई-टेण्डर) के माध्यम से की जायेंगी। निविदाकर्ताओं की यह पूरी जिम्मेवारी होगी कि सही समय पर निविदा ऑनलाईन जमा करवाऐ ।
4. निविदाकर्ता निविदा मे अपनी-अपनी दरें सही रूप में दर्शायेंगे प्रत्येक वस्तु की दर सभी करों सहित दर्शायी जाएगीं। यह देखने मे आया है कि संविदा में देरी (बकाया) रहने के दौरान ठेकेदार शर्तो को पूरा करने मे आनाकानी करते है और अन्य शर्ते रखना शुरू कर देते है । उपरोक्त की सप्लाई हेतु आपूर्तिकर्ता जिम्मेवार होगा अन्यथा उसकी बकाया राशि से सरकारी नुकसान की पूर्ति कर ली जाएगी ।
5. जो दरें निविदा मे दी हुई है वह छः माह के लिये लागू होगी निविदा के पूर्ण होने के उपरान्त यदि जरूरत पडती है तो निविदा को 60 दिन के लिए बढाया जायेगा।

Tender Inviting Authority Sig. Of Tenderer With Seal

6. सफल टैण्डर धारकों को सुरक्षा राशि रूपये–48000/– (रूपये अड़ालीस हजार मात्र) जमा करनी होगी ।

7. विशेष तौर पर यह ध्यान रखा जाएगा कि निविदा के अनुमोदन हो जाने के वाद निविदाकर्ता को सुरक्षा राशि 03 दिन की समय अवधि मे जमा करनी होगी ।

8. समय पर आपूर्ति न करने पर या देरी करने पर या निम्न स्तर की वस्तु आपूर्ति करने पर उप महानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान, भा.ति.सी. पुलिस को निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

9. जो विशेष शर्ते निवीदा मे दी गई है उसके लिये आपूर्तिकर्ता पूर्णतया जिम्मेवार होगा ।

10. अघोहस्ताक्षरी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि माह के दौरान किसी भी समय किसी भी वस्तु को प्राधिकृत लैब मे चैक करवा सकते है। यदि वस्तुएं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गयी तो उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान,भा.ति.सी.पुलिस बल को उस फर्म के पूरे माह का भुगतान एवं सुरक्षा राशि जब्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

11. किसी भी स्तर पर किसी भी हालतो मे किसी प्रकार की मध्यस्थता या मुकदमेवाजी को स्वीकार नहीं किया जाएगा उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान, भा.ति.सी. पुलिस को सभी प्रकार के मामलो को निपटाने और निर्णय लेने का अधिकार होगा ।

12. उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान,भा.ति.सी.पुलिस के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रद्द कर दिया जाएगा ।

आवश्यक शर्ते व प्रतिबंध :–

(1) आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात आपूर्ति माँग के अनुसार करना होगा ।
(2) ताजा राशन विशिष्टीकरण के अनुसार होनी चाहिए जो कि सूची में दी गई है।
(3) किसी भी वस्तु के बदले मे दूसरी वस्तु को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।
(4) संलग्न सूची मे वस्तुओ की जो दरें दी जायेगीं सभी कर लगाकर दी जायेगीं ।
(5) टैण्डर फार्म को वापिस लौटाया जाऐ व टैण्डर फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर होने चाहिए ।
(6) फर्म का पंजीकरण एवं टिन न./जी.एस.टी. पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। तथा फर्म वर्तमान में कार्यरत होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
(7) फर्म द्वारा आयकर क्लियरेंस का प्रमाणपत्र संलग्न करना है।
(8) ताजा बकरे/मुर्गों का ताजा मीट/ताजा मछली को भा.ति.सी.पुलिस परिसर में नियुक्त स्थान पर ही काटा जायेगा। कटा हुआ कोई भी माँस स्वीकार नहीं किया जायेगा।

Tender Inviting Authority

Sig. Of Tenderer With Seal

(9) यदि फर्म द्वारा दी गई दरों पर सप्लाई नहीं की जाती तो कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

(10) सप्लाई पूर्णतया सही ढंग से ना कर पाने की स्थिति में टैण्डर रद्द कर दिया जायेगा एवम उसकी सुरक्षा राशि तथा पूरे माह का भुगतान जब्त कर लिया जायेगा।

(11) पहले माह का भुगतान अगले माह की 10 तारीख तक किया जायेगा।

विशेष शर्ते :–

टैण्डर Two bid system पर आधारित होगा।

(क) **पहला टैक्नीकल बिड– बयाना राशि का ड्राफ्ट, निविदा कर्ता के सभी दस्तावेज, टैण्डर फार्म**

(ख) **दूसरा प्राईस बिड – केवल ग्रेनशॉप द्वारा उपलब्ध लिस्ट जिसमें कीमतें भरी होंगी।**

(12) ताजा बकरे/मुर्गों का ताजा मीट/ताजा मछली एवं मुर्गी के ताजा अण्डों को माँग के अनुसार समय पर आपूर्ति करना होगा ।

(13) बकरा या मुर्गा ताजा एवम स्वस्थ होना चाहिए।

(14) अण्डो का साईज बडा होना चाहिए।

(15) मछली ताजी होनी चाहिए।

(16) यदि आपके द्वारा की गई ताजा राशन की सप्लाई किसी कारणवश लाईन समिति बोर्ड द्वारा अस्वीकार की जाती है तो उसको तुरन्त बदली करना होगा, बदली ना करने की स्थिति में उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान,भा.ति.सी.पुलिस को यह अधिकार होगा कि वह उस सामान को बाजार से खरीद ले और बाजार भाव की भरपाई निविदाकर्ता द्वारा की जायेगी। उपमहानिरीक्षक संचार एवं सूचना प्रौधोगिकी संस्थान भा.ति.सी.पुलिस का निर्णय अतिंम व दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होगा ।

मै उपरोक्त शर्तो एवं टैण्डर में दी गयी दरों पर आपूर्ति करने को तैयार हूँ। यदि मेरे द्वारा उपरोक्त किसी भी शर्त का उल्लंघन किया जाता है तो मैं पूर्णतया जिम्मेवार रहूँगा।

Tender Inviting Authority

Sig. Of Tenderer With Seal

# निविदाकर्ता द्वारा आवश्यक जानकारी प्रस्तुत किये जाने वाला फार्म

नोटः- फर्म/निविदाकर्ता पूरी जानकारी भरी जानी चाहिये और निम्न दिये गये कम संख्याओं के अनुसार जो भी लागू हो जानकारी प्रस्तुत करें । यदि प्रस्तुत की गई जानकारी सत्य नहीं पाई गई तो उस स्थिति में फर्म की निविदा रद्द कर दी जायेगी ।

| क्रमांक | टेण्डर/फर्म/कम्पनी का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1. | पंजीकृत पता/निविदाकर्ता का वर्तमान पता (टेलीफोन नं. फैक्स नं. और ई.मेल आई.डी. सहित)/ कागजात सम्बन्धी दस्तावेज भी संलग्न किये जायें । | |
| 2. | कार्यस्थल का पता(टेलीफोन नं, फैक्स नं. और ई.मेल आई.डी. सहित)/ कागजात सम्बन्धी दस्तावेज भी संलग्न किये जायें । | |
| 3. | ब्रांच का पता/क्षेत्रीय कार्यालय(यदि कोई शिवपुरी में हो तो) टेलीफोन नंम्बर, फैक्स नंम्बर और ई.मेल. आई.डी.(कागजात सत्यापन के लिये संलग्न करें) | |
| 4. | व्यापार आरम्भ करने का वर्ष और अन्तिम 03 वर्ष के दौरान हुई बिकी । | |
| 5. | टैण्डर का स्थाई आयकर खाता संख्या (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 6. | अपने आयकर भुगतान करने की प्रति की नवीनतम स्वप्रमाणित छायाप्रति । | |
| 7. | कृपया अपने बैंकर का पूरा नाम पता, टेलीफोन नंम्बर और फैक्स नंम्बर को दर्शायें | |
| 8. | अपने बैंकर से टैण्डर के औसत कीमत तक टैण्डर प्रस्ताव के साथ वित्तीय स्थिरता संलग्न करें । | |
| 9. | (अ) बैंक खाता संख्या और व्यक्ति का नाम/पार्टनर/फर्म का नाम । | |
| | (ब) बैंक का पूरा पता जहां भुगतान होना है | |

Tender Inviting Authority

Sig. Of Tenderer With Seal

| | | |
|---|---|---|
| 10. | राज्य सरकार तथा सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा टैण्डर को स्टोर/वस्तुओं को सप्लाई करने हेतु जारी किया गया मान्य कागजात संलग्न करें । | |
| 11. | भारतीय कम्पनी एक्ट | |
| 12. | भारतीय साझेदारी एक्ट 1932(कृपया साझेदार का नाम भी दें) | |
| 13. | कोई अन्य एक्ट, यदि नहीं तो मालिक (कृपया पूरा नाम व पता दें) | |
| 14. | कृपया साझेदार और साझेदारों को निविदा कागजातों को हस्ताक्षर करने का प्राधिकार पत्र की प्रति संलग्न करें । | |
| 15 | पूर्व में रोजगार करते हुए आपको भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी भी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट किया गया है! | |
| 16 | कृपया बतायें कितने वर्षो से भारत तिब्बत सीमा पुलिस के साथ टैण्डर कर रहे है! | |
| 17 | कृपया निविदा के साथ लगाये गये कागजात का विवरण भरें! | |
| 18 | कृपया बतायें कि आपने सभी दिशा निंदेषो को सर्तकता पूर्वक अध्ययन करने पर ही सहमति प्रदान की है! | |
| 19 | टैण्डर साइन करने वाले का नाम | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेरे ज्ञान अनुसार सभी आवश्यक जानकारी सही है और सभी दस्तावेजो की कापी/फोटेकापी जो सलंग्न की गई है सत्य है!

Tender Inviting Authority

Sig. Of Tenderer With Seal

ग्रेनशॉप में खरीद करने वाली ताजा मांस/मछली एवं मुर्गी के ताजा अण्डे की सूची :–

| क्र.स. | वस्तु का नाम | ए0यू0 | दर अंकों में | अभि0 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुर्गे का ताजा मीट(झटके वाला) | कि0ग्रा0 | | |
| 2. | बकरे का बिना हड्डी का मीट(झटके वाला) | कि0ग्रा0 | | |
| 3. | बकरे का ताजा मीट(झटके वाला) | कि0ग्रा0 | | |
| 4. | मुर्गे का बोनलैस मीट(झटके वाला) | कि0ग्रा0 | | |
| 5. | ताजा मछली (रोहू) | कि0ग्रा0 | | |
| 6. | ताजा अण्डा बडा साईज | प्रति नग | | |
| 7. | देसी अण्डा बडा साईज | प्रति नग | | |

Tender Inviting Authority

Sig. Of Tenderer With Seal

Signature Not Verified

Digitally signed by Surender Kumar
Date: 2026.05.13 18:01:33 IST
Location: eProcure-EPROC